फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 58 प्रभात जयपुर, सोमवार 28 सितम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

The 'Auspicious' Places

Once a location acquires a narrative of divine presence, the physical dirt, stone, ice, or water of that space ceases to be mundane matter

Why Is the Ocean Salty?

The Warrior Queen Of The Maheshwari Saree

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया

रूस के विदेश मंत्री ने कहा कि वे सुरक्षा परिषद की स्थाई सीट के लिए ब्राज़ील और भारत का समर्थन करते हैं

न्यूयॉर्क, 27 सितंबर। रूस ने एक बार फिर भारत के साथ अपनी दोस्ती का प्रमाण संयुक्त राष्ट्र में भाषण के दौरान दुनियाभर के सामने दे दिया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने युनाइटेड नेशन्स जनरल असैम्बली (यूएनएससी) के स्थायी सदस्य के तौर पर भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली का पक्ष लिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन किया।

इतना ही नहीं, रूस ने पश्चिमी देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ ाने के खिलाफ कड़ी चेतावनी भी दी। यूएनजीए में दुनियाभर के नेताओं को संबोधित करते हुए, रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने इस बात पर भी जोर दिया कि यूएन सुरक्षा परिषद में किसी भी सुधार से परिषद और उसके स्थायी सदस्यों के विशेषाधिकार कम नहीं होने चाहिए।

मॉस्को के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करते हुए, रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि "यूएन सुरक्षा परिषद के सुधार में पश्चिमी देशों, खासकर जर्मनी और जापान को अतिरिक्त सीटें देना शामिल नहीं होना चाहिए, क्योंकि वे अब सैन्यवाद और प्रतिशोध की भावना की राह पर चल पड़े हैं।"

रूसी विदेश मंत्री ने ग्लोबल साउथ से प्रतिनिधित्व बढ़ ाने का समर्थन किया और कहा, "हम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ ाने के पक्ष में हैं। हम स्थायी सीट के लिए ब्राज़ील और भारत की दावेदारी का समर्थन करते हैं।"

रूसी विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमें अफ्रीकी महाद्वीप के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि इज़राइली सहमति और सीट घोषणा में कहा गया है।

यूएन मुख्यालय में चल रही आम बहस के दौरान दुनियाभर के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि काउंसिल को आज की भू-राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं को दिखाना चाहिए। मॉरिशस ने भी अपने भाषण में भारत की दावेदारी का साफ तौर पर समर्थन किया है। मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफूल ने नई दिल्ली का समर्थन करते हुए कहा, "हम काउंसिल में सुधार के लिए जी4 और एल69 के रुख का समर्थन करते हैं, और वैश्विक मामलों में भारत की रचनात्मक भूमिका को देखते हुए स्थायी सीट के लिए उसकी दावेदारी का समर्थन दोहराते हैं।"

दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। यूएनएससी में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है।

मुख्यमंत्री आज भरतपुर व खैरथल-तिजारा दौरे पर

जयपुर, 27 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को भरतपुर एवं खैरथल-तिजारा जिले के दौरे पर रहेंगे।

इस दौरान वे दोनों जिलों में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे।

- **दोनों जगह विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।**

मुख्यमंत्री भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र के बिड्यारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे।

खैरथल-तिजारा जिले में भी मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

रूद्रप्रयाग में लैण्डस्लाइड से चारधाम यात्रा रूकी, चार हजार यात्री फंसे

हाईवे पर मलबा जमा है, खराब मौसम के कारण मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है

रुद्रप्रयाग, 27 सितंबर। उत्तराखंड में लगातार बारिश के चलते पहाड़ों में लैंडस्लाइड हो रहे हैं। जिसकी वजह से राज्य में यातायात बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड होने की वजह से चारधाम यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। दोनों तरफ से करीब 4000 के आसपास तीर्थ यात्री यहां फंसे हुए हैं।

- **बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धारीदेवी मंदिर के पास पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा व पत्थर सड़क पर गिरे और ट्रैफिक पूरी तरह से बंद हो गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।**

हाईवे पर मलबा जमा हुआ है, जिसे हटाने के लिए मशीनें लगी हुई हैं, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से मलबा हटाने में दिक्कत हो रही हैं। प्रशासन ने अगले आदेश तक केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी है। जबकि हैलिकॉप्टर सेवाएं यहां पहले से ही बंद हैं।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार हो रही बारिश की वजह से बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरोबगड़ एक बार फिर मुसीबत का केंद्र बन गया है। धारी देवी मंदिर के पास पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और पत्थर हाईवे पर आ गिरा, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह से बंद हो गया है। देखते ही देखते राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और हजारों यात्री सड़क के दोनों ओर फंस गए हैं। सिरोबगड़ में पहाड़ी से लगातार मलबा गिरने के कारण हाईवे को खोलना चुनौती बनी हुई है। नेशनल हाईवे पर प्रशासन की मशीनें मलबा हटाने में जुटी हैं, लेकिन पहाड़ी से लगातार गिर रहे मलबे और पत्थरों के बीच सड़क को सुरक्षित तरीके से खोलना आसान नहीं है।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड के टिहरी, हरिद्वार, देहरादून और पौड़ी में रैड अलर्ट जारी किया है। नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ , ऊधम सिंह नगर और बागेश्वर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे तक यहां भारी बारिश होने की संभावना बन रही है।

बलूचिस्तान महिला सशस्त्र शाखा ने पाकिस्तान सेना के नौ अधिकारियों को मार गिराया

महिला शाखा, करीमा आर्म्ड असॉल्ट डिवीज़न ने हाईवे पर पाकिस्तान सेना के तीन वाहन धमाके से उड़ाये

क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान, 27 सितंबर। बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) की इस माह गठित महिला सशस्त्र शाखा, करीमा आर्म्ड असॉल्ट डिवीजन (केएएडी) के हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम नौ अधिकारी मारे गए हैं। बीएलए की इन शेरनियों ने तुर्बत, कलात और मंगचर में दो सटीक अभियान चलाकर सेना को कड़ी चुनौती दी।

- **बलोच प्रवक्ता के अनुसार, इस ऑपरेशन में करीमा आर्म्ड असॉल्ड डिवीज़न तथा बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट की कुर्बान यूनिट ने भाग लिया। कुर्बान यूनिट के कमांडर कैप्टन चकर मुराद शहीद हो गए।**

प्रवक्ता बलोच ने मीडिया को जारी बयान के अनुसार इस महिला डिविज़न ने तुर्बत के जोस्क इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) हाइवे और कलात के मंगचर शहर में क्वेटा-कराची हाइवे पर हुई लड़ाई में सेना को धूल चटा दी। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर और 25 सितंबर को डिविज़न कमांडरों ने पाकिस्तानी सेना की क्विक रैस्पॉन्स फोर्स की तीन गाड़ियों को धमाका करके उड़ा दिया। इस लड़ाई में सेना के कम से कम 9 अधिकारी मारे गए।

उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में बीएल की महिला डिविज़न को बीएलएफ की कुर्बान यूनिट का पूरा समर्थन मिला। बलोच ने कहा कि इस लड़ाई में कुर्बान यूनिट के कमांडर कैप्टन चकर मुराद उर्फ दिलीप जान शहीद हो गए।

प्रवक्ता ने कहा कि जुस्क और मंगचर की इन दो लड़ाइयों में पाकिस्तानी सेना के 9 लोगों की लोगों की मौत हो गई। कैप्टन चकर मुराद फरवरी 2021 में बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट के मंच से आजादी के संघर्ष में औपचारिक रूप से शामिल हुए थे। वह कई साल जेल में रहे। जेल से रिहाई के बाद वह पूर्णकालिक रूप से बीएलए में शामिल हो गए।

यूपीआई शुल्क मामले में सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करेगा

नई दिल्ली, 27 सितंबर। यूपीआई से 2000 रुपये से ज्यादा के भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर लगाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत 28 सितंबर को इस व्यवस्था को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी। केंद्र ने 14 सितंबर को संबंधित अधिसूचना जारी की थी और 15 सितंबर को एमडीआर का ढांचा घोषित किया गया था। नई व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होने वाली है।

- **अधिवक्ता अंजन दत्ता ने एक जनहित याचिका दायर कर केन्द्र की एमडीआर लगाने की व्यवस्था को चुनौती दी है।**

अधिवक्ता अंजन दत्ता ने जनहित याचिका दाखिल कर केंद्र के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में 14 सितंबर की अधिसूचना और 15 सितंबर को घोषित एमडीआर व्यवस्था को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की 28 सितंबर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

लवली यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे को जाम किया

रेप के बाद एक छात्रा के आत्महत्या करने का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए

चंडीगढ़ , 27 सितंबर (हि.स.)। पंजाब के जालंधर में भाजपा के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल की लवली प्रोफेशन यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में शनिवार रात से शुरू हुआ छात्रों का हंगामा रविवार को भी जारी रहा। विवि परिसर में तोड़फोड़ कर कई वाहनों को आग लगाने के बाद रविवार को गुस्साए छात्रों ने अमृतसर-दिल्ली मार्ग जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, यूनिवर्सिटी की एक छात्रा से रेप के बाद उसके आत्महत्या करने का मैसेज सोशल मीडिया पर शनिवार रात वायरल होने के बाद हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए। छात्रों ने कैंपस में तोड़फोड़ की और एक हिस्से में आग लगा दी। इसके बाद आज दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर धरना देकर ट्रैफिक जाम कर दिया। पुलिस ने पहले कहा कि जांच में रेप का कोई मामला सामने नहीं आया है, फिर, मामला बढ़ ता देख एफआईआर दर्ज की गई।

शनिवार रात सोशल मीडिया पर वायरल हुए मैसेज में दावा किया गया कि किसी बाहरी व्यक्ति ने गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर एक छात्रा के साथ रेप किया है। मैसेज वायरल होते ही छात्रों का गुस्सा भड़क गया। प्रदर्शनकारी छात्र यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट की ओर बढ़े और वहां तोड़फोड़ की। मुख्य गेट से बाहर निकलकर छात्रों ने चंडीगढ़ - अमृतसर नेशनल हाईवे पर धरना दे दिया। इससे हाईवे पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला ने विशेष जांच टीम गठित की है। इस टीम में फगवाड़ा के एसपी मेजर सिंह, डीएसपी पलविंदर सिंह, एक महिला पुलिस इंस्पेक्टर और छात्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। एसआईटी पूरे मामले की जांच करेगी और आरोपों की सत्यता का पता लगाएगी।

दूसरी ओर, यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार मोनिका गुलाटी की ओर से रेप के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए स्टूडेंट्स से अपील की गई है कि वे अफवाह पर ध्यान न दें। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों को झूठा, बेबुनियाद और मनगढ़ ंत बताया है।

रविवार शाम को पुलिस छात्रों से बातचीत कर रही थी, तभी पुलिस पर बोतलें फेंकी गईं। पुलिस ने शाम करीब साढ़े 7 बजे छात्रों पर लाठीचार्ज किया।

जवाब में छात्रों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस की 3 गाड़ियों में आग लगा दी गई। इसके बाद भी जब छात्र नहीं रुके, तो पुलिस ने रात करीब 9 बजे छात्रों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

देश की पहली एलएनजी-डीज़ल डुअल-फ्यूल ट्रेन शुरु हुई

अहमदाबाद, 27 सितंबर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के साबरमती से देश की पहली एलएनजी-डीजल डुअल-फ्यूल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात में 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ भी किया।

रेलवे ने कहा कि साबरमती से भारतीय रेल में आज से हरित ऊर्जा के नए अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वैकल्पिक ईंधन और आधुनिक रेल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस ट्रेन में एलएनजी (लिक्विफाइड नैचुरल गैस) और डीजल दोनों ईंधनों का उपयोग किया जा सकता है। साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो में 1,400 हॉर्सपावर क्षमता वाली दो ड्राइविंग पावर कारों को डुअल-फ्यूल प्रणाली में परिवर्तित किया गया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गुवाहाटी पुलिस ने सीजेपी के आशुतोष रांका को गिरफ्तार किया

गुवाहाटी, 27 सितंबर। असम पुलिस ने रविवार को गुवाहाटी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के को-कन्वीनर आशुतोष रांका और संगठन के कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। यह कार्रवाई संगठन की पहली क्षेत्रीय स्वयंसेवक बैठक के असम सचिवालय के पास शुरू होने से ठीक पहले की गई।

- **वे असम सचिवालय के पास अपने संगठन की पहली क्षेत्रीय स्वयंसेवक बैठक में भाग लेने जा रहे थे।**

सीजेपी नेताओं ने बताया कि आशुतोष रांका, अंकित भारद्वाज और प्रेम आकाश सहित संगठन के बड़े नेताओं और असम के स्वयंसेवकों को पुलिस हिरासत में लेकर किसी जगह पर गयी है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

कैप्टिव ब्रीडिंग सेंटर से गोडावण तीन अक्टूबर को प्राकृतिक अवास में छोड़े जाऐंगे

गोडावणों को विशेष रीवाइल्डिंग टनल में चार माह प्राकृतिक परिस्थितियों में रहने का प्रशिक्षण दिया गया है

जैसलमेर, 27 सितंबर। राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। कैप्टिव ब्रीडिंग सेंटर में तैयार किए गए गोडावणों को प्राकृतिक आवास में पुन: स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पहले चरण में गोडावणों को जैसलमेर के रामदेवरा और डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र में खुले प्राकृतिक वातावरण में छोड़े जाने की तैयारी है।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर को रामदेवरा और 4 अक्टूबर को सुदासरी में गोडावणों को रिलीज़ किया जाएगा। हालांकि पहले चरण में सभी 10 पक्षियों को एक साथ छोड़ा जाएगा या चयनित पक्षियों को ही रिलीज़ किया जाएगा, इसका अंतिम निर्णय वैज्ञानिकों के तकनीकी आकलन के बाद होगा।

प्राकृतिक आवास में छोड़ने से पहले गोडावणों को विशेष रूप से तैयार रीवाइल्डिंग टनल में करीब चार माह तक प्राकृतिक परिस्थितियों में रहने का प्रशिक्षण दिया गया। मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम रखते हुए उन्हें जंगल जैसी परिस्थितियों में भोजन, आवागमन और प्राकृतिक व्यवहार के अनुकूल बनाया गया।

वन विभाग के संरक्षण केंद्रों में वर्तमान में रिलीज के लिए 10 गोडावण स्वस्थ एवं तैयार बताए जा रहे हैं। खुले क्षेत्र में छोड़े जाने के बाद इनके व्यवहार, गतिविधियों और नए वातावरण के साथ अनुकूलन की लगातार वैज्ञानिक निगरानी की जाएगी।

गोडावणों को प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापित करने के लिए प्रारंभिक स्तर पर गुजरात के कच्छ क्षेत्र में रिलीज करने की योजना पर विचार किया गया था। विशेषज्ञों के सुझाव और पक्षियों के प्राकृतिक आवास को देखते हुए बाद में राजस्थान के थार क्षेत्र को उपयुक्त माना गया। इसके बाद जैसलमेर के रामदेवरा और डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र का चयन किया गया।

- **प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर को रामदेवरा तथा 4 अक्टूबर को सुदासरी में गोडावणों को रिलीज करने की तैयारी है। अभी यह निर्णय नहीं हुआ है कि सभी 10 पक्षियों को पहले चरण में छोड़ा जाएगा या केवल चयनित पक्षियों को रिलीज़ किया जायेगा।**

गोडावणों को रिलीज़ करने के अवसर पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों तथा देश-विदेश के वन्यजीव विशेषज्ञों की मौजूदगी की संभावना है। पूरा अभियान वैज्ञानिक निगरानी और निर्धारित संरक्षण प्रोटोकॉल के तहत संचालित किया जाएगा।

डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ चंद्रपाल चौहान के अनुसार, गोडावणों को प्राकृतिक जीवन के लिए तैयार करने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से रीवाइल्डिंग टनल तैयार किया गया है। उन्होंने इसे गोडावण संरक्षण परियोजना का महत्वपूर्ण चरण बताते हुए कहा कि पक्षियों को मानवीय हस्तक्षेप से दूर रखकर जंगली वातावरण में रहने का प्रशिक्षण दिया गया है और के विशेषज्ञों की देखरेख में कड़े प्रोटोकॉल निर्धारित किए गए हैं।

तमिलनाडु सरकार ने आरटीआई से जुड़ा फैसला वापस लिया

चेन्नई, 27 सितंबर। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय थलापति के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार को कड़े विरोध के बाद आखिरकार अपना एक बड़ा फैसला वापस लेना पड़ा है।

- **सरकार के आदेश में पब्लिक डिपार्टमैंट यानी सार्वजनिक कानून-व्यवस्था विभाग को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के दायरे से बाहर करने की कोशिश की गई थी।**

सरकार ने उस आदेश को रद कर दिया है, जिसके तहत पब्लिक